By-Email
Email ID- cdupjn_amroha@yahoo.com

# कार्यालय

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मौहल्ला सिरसागढ़ पण्डकी, बम्बूगढ चौराहा/न्यू रोडवेज बस स्टैण्ड के पीछे कांकर सराय वाई पास रोड, अमरोहा-244221

पत्रांक 2532 / न्यूज कटिंग / 100 दिनांक– 29–05–2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला (28.05.2026) में प्रकाशित न्यूज शीर्षक "पेयजल योजना पूरी नहीं होने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन" के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 28.05.2026 को व्हाट्स ऐप के माध्यम से दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 28.05.2026 को प्रकाशित न्यूज कटिंग इस खण्ड को प्राप्त हुयी है, के संदर्भ में खण्ड से सम्बन्धित आख्या निम्नानुसार प्रेषित है–

अद्यतन आख्या निम्नानुसार है–

| हैड लाइन | आख्या |
|---|---|
| "पेयजल योजना पूरी नहीं होने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन" | ➢ जनपद अमरोहा में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत 495 नग पेयजल योजनाओं में 884 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 676 राजस्व ग्रामों में फर्म द्वारा पेयजलापूर्ति की जा रही है।<br>➢ 493 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 200 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br>➢ जनपद में औसतन 95.56 प्रतिशत ग्रामीणो को पेयजल कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br>➢ पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी सड़को को पाइप बिछाने के उपरान्त सड़क को मोटरेबल कर दिया जाता है तथा पेयजल कनेक्शन एवं हाईड्रोटैस्टिंग उपरान्त सड़को को Permanent पुर्नस्थापित कर दिया जाता है। अवशेष सड़को की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है।<br>➢ **सहेलिया पेयजल योजना वि0ख0 हसनपुर में** फेज–2 के अन्तर्गत मैसर्स – पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जेवी, मुरादाबाद द्वारा कराये जा रहे है। उक्त योजना में शिरोपरि जलाशय का कार्य 40 प्रतिशत, पम्प हाउस का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण, पाइप लाइन बिछाने का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण तथा रास्तो की पूर्व में मरम्मत कर दी गई है। वर्तमान में योजना पर ट्रांसफार्मर अधिष्ठापन का कार्य किया जा चुका है तथा विद्युत संयोजन का कार्य हेतु अधिशाशी अभियंता विद्युत यांत्रिक खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) मुरादाबाद द्वारा कार्यवाही की जा रही है। उक्त योजना पर धनराशि के अभाव में कार्य बाधित है। योजना पर धनराशि की उपलब्धतानुसार योजना के समस्त कार्य पूर्ण कर नियमित रूप से पेयजलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। |

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा कार्य पूर्ण करने की तिथि 31 दिसम्बर 2028 तक विस्तारित कर दी गयी है। धनराशि की उपलब्धता के अनुसार योजना के कार्य निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण करा लिये जायेंगे।

**संलग्नकः— उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

(चन्द्रहास)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
2— अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद।
3— जिलाधिकारी महोदय, अमरोहा।
4— मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अमरोहा।
5— जिला सूचना अधिकारी, अमरोहा।
6— सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जू0इं0।
7— पी.एम., टी0पी0आई0 मै0 आरवीं एसोसिएट्स, मुरादाबाद।
8— मैसर्स मैसर्स— पी0एन0सी0—एस0पी0एम0एल0 जेवी, मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ कि उक्त ग्राम में विद्युत कनेक्शन का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराते हुए ग्राम में नियमित रूप से पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता


Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

# oha News: पेयजल योजना पूरी नहीं होने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

ुरादाबाद ब्यूरो

Jpdated Thu, 28 May 2026 12:01 AM IST




SPML

सनपुर। क्षेत्र के गांव सहेलिया में जल जीवन मिशन के तहत बनाई जा रहे ओवरहेड टैंक का निर्माण अधर होने से परेशान ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कह कि गांव में पेयजल की समस्या लगातार बनी हुई है। पानी की टंकी का निर्माण कार्य लगभग दो साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन अब तक इसे चालू नहीं किया जा सका है। इससे गांव ागों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में यह समस्या और बढ़ गई है। प्रदर्शन में ग्राम प्रधान रोहित चौधरी, हरफूल सिंह, देवेंद्र, इबूब, फारूक, नफीस, शौकीन, राजेंद्र, प्रवीण, धर्मवीर रहे।

**Trending Videos**

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner